# प्रेस नोट–जनपद मुजफ्फरनगर
## दिनांक–03.09.2025

- **थाना भोपा पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 03.09.2025 को थाना भोपा पर नियुक्त उ0नि0 श्री गजेन्द्र सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 7364/17 धारा 60 आबकारी अधिनियम में वारण्टी अभियुक्त मिन्टू पुत्र रामधन निवासी करहेड़ा थाना भोपा, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना खतौली पुलिस द्वारा जान से मारने को नियत से फायररिंग करने के अभियोग का सफल अनावरण, 02 अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

दिनांक 03.09.2025 को प्र0नि0 श्री दिनेश चन्द्र थाना खतौली मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 322/2025 धारा 109(1),125,352,3(5) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगण 1. अर्णव पुत्र दिनेश निवासी ग्राम हुसैनपुर थाना जानसठ, मुजफ्फरनगर व 2. सूरज पुत्र सत्यवीर निवासी ग्राम अहरोडा थाना जानसठ, मुजफ्फरनगर को सफेदा रोड खतौली से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 02 तमंचे मय 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खतौली पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग में धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम की वृद्धि कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अवैध शराब सहित गिरफ्तार–**

दिनांक 03.09.2025 को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त उ0नि0 श्री नरेश सिंह मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्त विकास पुत्र बिरेन्द्र निवासी ग्राम धनौरा थाना दोघट जनपद बागपत को शाहपुर रोड से मीरापुर को जाने वाले रास्ते पर रजवाहे के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 12 पव्वे अंग्रेजी शराब पंजाब मार्का बरामद किये गये। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 297/25 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 03.09.2025 को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त उ0नि0 श्री गनेश कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 215/25 धारा 318(4),336(3),338,340(2),345(2),336(4) बीएनएस व 7/8/19सी(2) उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 व 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 व 63/65 कॉपीराईट एक्ट में वांछित अभियुक्त रमेशपाल पुत्र श्री रघुवीर सिंह निवासी बच्चन सिंह कालोनी थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर को बच्चन सिंह कालोनी से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा 02 चोर अभियुक्तगण गिरफ्तार–**
  दिनांक 03.09.2025 को थाना पुरकाजी पर नियुक्त उ0नि0 श्री विशाल राठी मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 157/25 धारा 305ए बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. दिलबहार उर्फ काला पुत्र निसार मिस्त्री निवासी कडा घर के पास मौ0 झोझगान कस्बा व थाना पुरकाजी, मुजफ्फरनगर व 2. नाजिम पुत्र रियासत निवासी तेलियों वाली मस्जिद के पास मौ0 झोझगान कस्बा व थाना पुरकाजी, मुजफ्फरनगर को जहीरपुर कट से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी गया 01 मोबाईल फोन, 01 टार्च व 9,560/– रूप्ये बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना छपार पुलिस द्वारा टयूबवैल से स्टार्टर, तार व बिजली लाइन से तार चोरी करने के 03 अभियोग का सफल अनावरण, 04 अभियुक्तगण गिरफ्तार–**
  दिनांक 03.09.2025 को थाना छपार पर नियुक्त उ0नि0 श्री सत्यप्रकाश यादव मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 208/2025 धारा 303(2) बीएनएस, मु0अ0सं0 240/2025 धारा 303(2) बीएनएस, मु0अ0सं0 242/2025 धारा 136/137 विधुत अधिनियम का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगण 1. नितिन पुत्र महेन्द्र व 2. कपिल पुत्र सुभाष निवासीगण ग्राम रेत्तानंगला थाना छपार, मुजफ्फरनगर 3. मुन्तजिर पुत्र अब्दुल निवासी कस्बा व थाना छपार, मुजफ्फरनगर 4. इमरान पुत्र दीन मौहम्मद निवासी ग्राम बरला थाना छपार, मुजफ्फरनगर को चैकिंग व गस्त के दौरान रजवाहा पुलिया के पास नंगला जाने वाली सडक से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 36.320 किलोग्राम एल्युमिनियम बिजली एलटी लाईन का तार, 1.180 किलोग्राम कॉपर की केबिल जला हुआ तार, 2950/– रूप्ये, 01 झूला हुकदार, 02 आरी के ब्लैड, 01 पिलास व 02 पैंचकस बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना छपार पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोगों में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।